Title: Need for construction of National Highway between Umarpara and Ambaji in Gujarat-Laid.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): गुजरात में ट्राइबल राजमार्ग उमरपाडा गुजरात के दक्षिण सीमा से होकर गुजरात के उत्तर की सीमा अम्बा जी तक जाता है। वैसे धुलिया से गुजरात की तरफ राट्रीय राजमार्ग सं0 8 पर गुजरात का यातायात निर्भर रहता है। इस राजमार्ग पर यातायात बहुत ही ज्यादा है, जिसके कारण नाहक रूप से अक्सर यह मार्ग जाम रहता है। इस ट्राइबल स्टेट हाईवे के बनने के बाद इस मार्ग पर भारत कम पड़ेगा। इसके साथ आदिवासी इलाकों के विकास जैसे औद्योगिक विकास, साक्षरता एवं अन्य विकास कार्यो को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इसी के साथ साथ यहां पर छोटे उद्योग लगाने में सहायता मिलेगी क्योंकि यहां पर कच्चा माल आसानी से मिल सकेगा।

मैं सदन के माध्यम से अनुरोध करना चाहूंगा कि इस राजमार्ग को बनाने की प्रक्रिया की शुरूआत करे, जिससे आदिवासियों का विकास हो सके।